

# विप्र कला-वाणिज्य एवं शारीरिक शिक्षा महाविद्यालय

जी. ई. रोड, रायपुर (छ.ग.)

## "विप्रारोह"

## Monthly E-Bulletin December 2023

पंजीयन क्र. 17951

मासिक अंक दिसम्बर २०२३

## B.Ed. डिपार्मेंट के द्वारा एड्स अवेयरनेस



1 दिसंबर छत्तीसगढ़ युवा विकास संगठन संचालित विप्र कला, वाणिज्य एवं शारीरिक शिक्षा महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना के विद्यार्थियों ने विश्व एड्स दिवस के अवसर पर जागरूकता अभियान द्वारा एचआईवी से पीड़ित लोगों के प्रति समर्थन व्यक्त किया । साथ ही इस बीमारी के रोकथाम और नियंत्रण पर नागरिकों को शिक्षित किया। उपरोक्त जानकारी देते हुए प्राचार्य डॉ. मेघेश तिवारी ने बताया कि राष्ट्रीय सेवा योजना के विद्यार्थियों ने सामाजिक सहभागिता कार्यक्रम के अंतर्गत एड्स के प्रति लोगों को जागरूक करके समाज के प्रति अपने दायित्व का निर्वाह किया। रेड रिबन एचआईवी पॉजिटिव लोगों के साथ एकजुटता एवं एड्स के साथ जी रहे लोगों के लिए वैश्विक प्रतीक है। इस रेड रिबन का प्रतीक बनाकर अपना समर्थन व्यक्त किया। इस अवसर पर समस्त प्राध्यापकों सहित बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित थे।

## विप्र ट्रॉफी राज्य स्तरीय इंटर सेक्टर महिला बास्केटबॉल स्पर्धा में दुर्ग सेक्टर लगातार दूसरे वर्ष विजेता



रायपुर. 12 दिसंबर . उच्च शिक्षा विभाग के तत्वावधान में छत्तीसगढ़ युवा विकास संगठन संचालित विप्र कला, वाणिज्य एवं शारीरिक शिक्षा महाविद्यालय में विप्र ट्रॉफी राज्य स्तरीय इंटर सेक्टर महिला बास्केटबाल प्रतियोगिता मैं दुर्ग सेक्टर ने रायपुर सेक्टर को 18 –3 से हराकर विजेता बनने का गौरव हासिल किया। समापन एवं पुरस्कार वितरण समारोह में मुख्य अतिथि ज्ञानेश शर्मा (अध्यक्ष योग आयोग छत्तीसगढ़ शासन) ने विजेता एवं उपविजेता टीम को विप्र ट्रॉफी प्रदान कर सम्मानित किया। उद्घाटन समारोह मुख्य अतिथि डॉ. गिरीश कान्त पांडेय (पूर्व कुलसचिव पंडित रवि शंकर शुक्ल विश्वविद्यालय रायपुर) एवं कार्यक्रम अध्यक्ष डॉ. विपिनचन्द्र शर्मा (संचालक शारीरिक शिक्षा विभाग पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय रायपुर) के गरिमामय उपस्थिति में संपन्न हुआ।

उपरोक्त जानकारी देते हुए प्राचार्य डॉ. मेघेश बताया कि प्रथम मैच में बलौदा बाजार सेक्टर ने जांजगीर को 14–6 से पराजित कर अगले दौर में प्रवेश किया। दूसरे मैच में बस्तर सेक्टर कोरबा सेक्टर से 21–5 से पराजित हुई। तीसरे मैच में रायपुर सेक्टर ने बिलासपुर सेक्टर को 28–17 से पराजित किया। चौथे मैच में दुर्ग सेक्टर ने एक तरफा मुकाबले में राजनांदगांव को 40–0 से पराजित किया। पांचवें मैच में रायगढ़ ने बलौदा बाजार को 15–2 से पराजित किया। छठवें मैच में सरगुजा सेक्टर ने कोरबा को 30–4 से पराजित किया। प्रथम सेमीफाइनल में दुर्ग ने सरगुजा को 33 –19 पराजित किया। दूसरे सेमीफाइनल में रायपुर ने रायगढ़ को 22–14 से पराजित किया। फाइनल मुकाबले में दुर्ग ने रायपुर को 18 –3 से पराजित कर लगातार दूसरे वर्ष विजेता बनने का गौरव हासिल किया। प्रतियोगिता का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी का पुरस्कार दुर्ग सेक्टर के पूनम नायक को प्रतियोगिता में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के आधार पर प्रदान किया गया।

## विप्र फन फेयर 2023 में विद्यार्थियों ने रोमांचक गेम्स और स्वादिष्ट व्यंजनों का लिया आनंद

9 दिसंबर छत्तीसगढ़ युवा विकास संगठन शिक्षण समिति संचालित विप्र कला, वाणिज्य एवं शारीरिक शिक्षा महाविद्यालय में विप्र फन फेयर 2023 आनंद मेला में विद्यार्थियों, पालकों एवं शिक्षकों सहित आसपास के गणमान्य नागरिकों ने स्वादिष्ट व्यंजनों के साथ रोमांचक गेम्स का मजा लिया।

आनंद मेला का उद्घाटन करते हुए प्राचार्य डॉ. मेघेश तिवारी ने समस्त विद्यार्थियों को बधाई देते हुए का कहा कि इस प्रकार के आयोजन में आनंद के साथ–साथ सीखने सिखाने का भी मौका मिलता है। आनंद मेला में विद्यार्थियों के छत्तीसगढ़ अचल के स्वादिष्ट व्यंजन चीला ,फरा, चौसेला के साथ विभिन्न प्रांतो के स्वादिष्ट व्यंजनों गुपचुप पापड़ी, कुल्फी, चाट, इटली, सैंडविच , ब्रेड पकोड़ा ,अप्पे आदि के स्टॉल ने सभी को लुभाया। व्यंजनों की स्टाल लगाने वाले विद्यार्थियों ने व्यंजन बनाने की विधि भी अन्य विद्यार्थियों को बताया। इस प्रकार विद्यार्थियों ने अन्य दूसरे प्रकार के व्यंजन बनाना सिखा। इस अवसर पर सभी ने संकल्प लिया कि घर में ही स्वादिष्ट व्यंजन बनाकर अपने परिवार जनों को खिलाएंगे एवं बाहर से या बाजार में खाने की प्रवृत्ति को खत्म करने का प्रयास करेंगे।





## कंप्यूटर दिवस के अवसर पर PPT कॉम्पीटीशन का आयोजन

2 दिसंबर कंप्यूटर दिवस के अवसर पर PPT कॉम्पीटीशन का आयोजन किया गया कंप्यूटर डिपार्टमेंट के द्वारा बच्चों ने चढ़कर हिस्सा लिया

PPT कॉम्पीटीशन का विषय था।

1) हार्डवेयरऔर बढ़ता प्रदूषण 2) साइबर सिक्योरिटी

3) आर्टिफिशियल इंटेदिजेंस

टेक्नोलॉजी को ध्यान में रखते हुए नए एप्लीके शन नए AI tool की जानकारी दी नई तकनीकी को अवगत कराया।










# विप्र ट्रॉफी राज्य स्तरीय इंटर सेक्टर क्रिकेट स्पर्धा के फाइनल में बिलासपुर को हराकर रायपुर सेक्टर विजेता





15 दिसंबर .उच्च शिक्षा विभाग के तत्वावधान में विप्र कला, वाणिज्य एवं शारीरिक शिक्षा महाविद्यालय द्वारा आयोजित विप्र ट्रॉफी राज्य स्तरीय इंटर सेक्टर क्रिकेट प्रतियोगिता के उद्घाटन मैच में सरगुजा सेक्टर ने एक तरफा मुकाबले में कोरबा सेक्टर को 10 विकेट से पराजित किया। कोरबा की टीम पहले बैटिंग करते हुए मात्र 16.2 ओवर में 117 रन में आलआउट हो गई। करण ने 32 गेंद में 41 रन बनाए व जयन्त ने 14 गेंद में 32 रन बनाए। सरगुजा के राहुल ने चार ओवर में 25 रन देकर तीन विकेट लिए, विष्णु ने तीन ओवर में 17 रन देकर दो विकेट लिए। जवाब में सरगुजा की टीम 11.5 ओवर में बिना विकेट खोए 118 बना कर मैच आसानी से 10 विकेट से जीत लिया। अमन ने धुआंधार बल्लेबाजी करते हुए मात्र 38 गेंद में 92 रन बनाए।

दुसरा मैच जांजगीर सेक्टर और रायगढ़ सेक्टर के बीच खेला गया। जांजगीर ने पहले बैटिंग करते हुए 11.2 ओवर में 64 रन में आलआउट हो गई। नरेंद्र ने 18 गेंद में 21 रन बनाए। रायगढ़ सेक्टर के सचिन ने घातक गेंदबाजी करते हुए 3.2 ओवर में पांच रन देकर 6 विकेट लिए। जवाब में एक विकेट के नुकसान पर जीत के लिए आवश्यक रन बनाकर रायगढ़ सेक्टर 9 विकेट से मैच जीत लिया। सचिन ने 19 गेंद में 26 रन बनाए।

दूसरे दिवस प्रथम मैच बिलासपुर और सरगुजा सेक्टर के बीच खेला गया। जिसमें बिलासपुर ने पहले बैटिंग करते हुए 20 ओवर में 9 विकेट के नुकसान पर 227 रन बनाएं। रोहित ने धुआधार बल्लेबाजी करते हुए 32 गेंद में 78 रन बनाएं। जवाब में सरगुजा की टीम 122 रन में आलआउट हो गई। सरगुजा के चंदेश 25 रन और नीरज 16रन ही बिलासपुर के गेंदबाजों का कुछ सामना कर पाए। सुनय ने चार ओवर में 27 रन देखकर तीन विकेट और यशवंत ने दो ओवर में आठ रन लेकर दो विकेट लिए। इस प्रकार बिलासपुर ने 105 रन से जीत दर्ज कर सेमीफाइनल में प्रवेश किया।

दूसरा मैच बस्तर और दुर्गा सेक्टर के बीच खेला गया ।जिसमें बस्तर सेक्टर मात्र 47 रन में आलआउट हो गई। संकल्प ने घातक गेंदबाजी करते हुए तीन ओवर में पांच रन देखकर 6 विकेट लिए। जवाब में दुर्ग की टीम 5.1 ओवर में 48 रन बिना विकेट खोए बनाकर मैच 10 विकेट से जीत लिया। उमंग ने 26 रन व दिग्विजय ने 17 रन बनाए। इस प्रकार सेमी फाइनल में प्रवेश करने वाली दुर्ग सेक्टर दूसरी टीम बनी ।

तीसरे दिवस प्रथम मैच रायगढ़ और राजनादगांव सेक्टर के बीच खेला गया। रायगढ़ ने पहले बैटिंग करते हुए 20 ओवर में 6 विकेट के नुकसान पर 214 रन बनाएं। मोहसिन ने 40 गेंद में 57 रन और चिराग ने 22 गेंद में 47 रन बनाए। जवाब में राजनांदगांव की टीम 132 रन में ऑल आउट हो गई। रायगढ़ के सचिन ने शानदार गेंदबाजी करते हुए चार ओवर में 18 देकर 5 विकेट लिए। आशीष ने चार ओवर में 29 रन लेकर 3 विकेट लिए। इस प्रकार रायगढ़ की टीम 83 रन से जीत दर्ज कर सेमीफाइनल में प्रवेश किया।

दूसरा मैच रायपुर और बलौदा बाजार सेक्टर के बीच खेला गया। जिसमें रायपुर में पहले बैटिंग करते हुए 20 ओवर में 6 विकेट के नुकसान पर 213 रन बनाएं। मुदित ने 49 गेंद में 79 रन बनाएं। बलौदा बाजार के भावेश ने चार ओवर में 35 रन देखकर 3 विकेट लिए। जवाब में बलौदा बाजार की टीम 94 रन में आलआउट हो गई। एकमात्र ओंकार ने 35 गेंद में 66 रन बनाकर रायपुर के गेंदबाजों का सामना कर पाए। अभिजीत ने तीन ओवर में 10 रन देखकर चार विकेट लिए। पोरस ने एक ओवर में दो रन देकर 3 विकेट लिए। इस प्रकार रायपुर ने 119 रन से जीत दर्ज कर सेमीफाइनल में प्रवेश किया।

प्रथम सेमीफाइनल मुकाबला बिलासपुर और दुर्ग सेक्टर के बीच खेला गया। जिसमें बिलासपुर सेक्टर में पहले बैटिंग करते हुए 20 ओवर में चार विकेट के नुकसान पर 225 रन बनाएं। प्रथम ने 25 गेंद में 52 रन ,यशवंत ने 37 गेंद में 50 रन और उत्कर्ष ने 29 गेंद में 44 रन बनाए। दुर्ग के अमन ने तीन ओवर में 21रन देकर 3 विकेट लिए। जवाब में दुर्ग की टीम 19.01 ओवर में 198 रन में ऑलआउट हो गई। दिग्विजय ने एक तरफ संघर्ष करते हुए 37 गेंद में 83 रन बनाएं। पर दुर्ग को 27 रन से हार से नहीं बचा पाए।

दूसरा सेमीफाइनल मुकाबला रायपुर और रायगढ़ सेक्टर के बीच खेला गया। रायपुर ने टॉस जीतकर पहले बैटिंग करते हुए 20 ओवर में पांच विकेट के नुकसान पर 161 रन बनाएं। मुदित ने 46 गेंद में 81 रन और पोरस ने 51 गेंद में 50 रन बनाए। आशीष ने चार ओवर में 47 रन देकर दो विकेट लिए। जवाब में रायगढ़ की टीम 19.01 ओवर में 139 में आलआउट हो गई। चिराग ने 24 गेंद में 34 रन और मोहसिन ने 27 गेंद में 23 रन बनाए। पोरस ने तीन ओवर में 40 रन देकर तीन विकेट लिए। अभिजीत साहू ने 3.1 ओवर में 14 रन देकर 2 विकेट लिए। इस प्रकार रायपुर की टीम 22 रन से जीत दर्ज कर फाइनल में प्रवेश किया।

फाइनल मुकाबले में रायपुर सेक्टर ने बिलासपुर सेक्टर को तीन रन से हराकर विजेता बनने का गौरव हासिल किया। इसके बाद समापन एवं पुरस्कार वितरण समारोह के मुख्य अतिथि ज्ञानेश शर्मा (अध्यक्ष विप्र शिक्षण समिति ), पूर्व रणजी प्लेयर राजा परिहार एवं भारतीय क्रिकेट टीम के मैनेजर तरुणेश परिहार ने विजेता एवं उपविजेता विजेता टीम को विप्र ट्रॉफी प्रदान कर सम्मानित किया। प्रतियोगिता का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी मुदित भार्गव को घोषित किया गया। मुदित ने क्वार्टर फाइनल में 79 रन एवं सेमीफाइनल में 81 रन बनाएं ।

इसके पूर्व आज फाइनल मुकाबले में रायपुर सेक्टर ने पहले बैटिंग करते हुए 25 ओवर में 6 विकेट के नुकसान पर 195 रन बनाएं। अभिषेक ने धुआंधार बल्लेबाजी करते हुए 69 गेंद में 103 रन बनाएं। दिव्यांश ने 56 गेंद में 44 रन बनाएं। बिलासपुर के परिवेश ने 5 ओवर में 29 रन देकर एक विकेट लिए। जवाब में बिलासपुर की टीम 25 ओवर में 7 विकेट के नुकसान पर 192 रन ही बना पाई। परिवेश ने 33 गेंद में 72 रन बनाए। रायपुर के अंशुमन, अभिजीत साहू और शुभम ने एक–एक विकेट लिए। बिलासपुर टीम को अंतिम दो ओवर में 35 रन की आवश्यकता थी। 19वे ओवर में 17 रन बने। अंतिम ओवर में 18 रन बनाने थे। प्रथम तीन गेंद में सिर्फ 6 रन बन पाए। परंतु इसके बाद बिलासपुर के बल्लेबाज ने चौथे और पांचवें गेंद में चौका लगाकर मैच को रोमांचक स्थिति में पहुंचा दिया। अंतिम गेंद में 4रन की आवश्यकता थी। परंतु बिलासपुर के बल्लेबाज द्वारा गेंद ना खेल पाने के कारण गेंद विकेटकीपर के दस्ताने में चला गया और इस प्रकार रायपुर टीम ने रोमांचक मुकाबले में तीन रन से जीत दर्ज की। इस अवसर पर पर्यवेक्षक डॉक्टर विकास साहा (कीड़ाधिकारी शासकीय महाविद्यालय तिल्दा), शबाब कुरैशी आयोजन सचिव डॉ. कैलाश शर्मा, राजेश तिवारी, डॉ. विवेक शर्मा एवं मोहित श्रीवास्तव सहित बड़ी संख्या में खेल प्रेमी उपस्थित थे।

# कॉलेज काउंसिल के सदस्य अकोला दुर्ग भ्रमण पर

16 दिसंबर 2023 को कॉलेज काउंसिल के सदस्य अकोला दुर्ग भ्रमण पर गए ।खारुन नदी के तट पर सुरम्य वातावरण में स्थित आनंद धाम आश्रम है जहां पर शिवजी का विशाल मंदिर है जहां पर समय समय में यइ एवम श्रीमद्भागवत का आयोजन होते रहता है ऐसे पवित्र स्थल का हमें दर्शन लाभ प्राप्त हुआ।



# निवेश प्रबंधन जितना अच्छा बाजार में उतना ही कम जोखिम-: राजीव जैन

## विप्र कॉलेज एवं गवर्नमेंट डिग्री गर्ल्स कॉलेज के संयुक्त तत्वावधान में तीन दिवसीय इन्टर नेशनल सेमीनार





रायपुर .21 दिसंबर. छत्तीसगढ़ युवा विकास संगठन संचालित विप्र कला, वाणिज्य एवं शारीरिक शिक्षा महाविद्यालय तथा गवर्नमेंट डिग्री गर्ल्स कॉलेज की संयुक्त तत्वावधान में वाणिज्य विभाग द्वारा आयोजित इंटरनेशनल सेमिनार का उद्घाटन समारोह मुख्य अतिथि नाइजीरिया से राजीव जैन एवं विशिष्ट अतिथि यू.के.के शुभम जैन के उपस्थिति में संपन्न हुआ। जिन्होंने अपने वक्तव्य में कहा कि स९१ व्यवसाय का अर्थ वास्तव में निवेश प्रबंधन है । निवेश ऐसे कंपनी में लगाया जाना चाहिए ,जहां से ऊंची रिटर्न मिल सके। अंतराष्ट्रीय व्यापार हेतु यह विदेशी पूंजी प्राप्ति का प्रमुख स्रोत है, जिससे विश्व स्तर पर आसानी से पूंजी संग्रहण किया जा सकता है। शुभम जैन इस अवसर पर अनिश्चित और लाभ प्रवाह की जानकारी दी। प्रथम सत्र के प्रमुख वक्ता प्रो. तपेशचंद्र गुप्ता (डीन वाणिज्य विभाग पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय रायपुर) ने अपने व्याख्यान में बताया की स९१ व्यापार मुख्य रूप से जोखिम प्रबंधन एवम निवेश प्रबंधन ही है। जिसके माध्यम से अंतर्राष्ट्रीय व्यापार में विदेशी पूंजी आसानी से प्रवाह होता है, जिसने जोखिम की मात्रा ज्यादा होने के साथ साथ ऊंचा प्रत्याय प्राप्त होता है। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ. मेघेश तिवारी ने कहा कि गवर्नमेंट डिग्री गर्ल्स कॉलेज के साथ संयुक्त तत्वावधान में आयोजित इंटरनेशनल सेमिनार से उपस्थित समस्त प्रतिभागियों को रिसर्च के क्षेत्र में नई जानकारी प्राप्त होगी। अंतरराष्ट्रीय बाजार की अनिश्चित और जोखिम में अवसर खोजना और अधिक लाभ की संभावना तलाशना कुशल प्रबंधन से ही संभव है। इस सेमिनार के माध्यम से विद्यार्थियों को इस क्षेत्र में प्रबंधन की जानकारी हासिल होगी। इस अवसर पर डॉ . विवेक शर्मा, डॉ. दिव्या शर्मा, डॉ. आराधना शुक्ला, निधि श्री शुक्ला ,डॉ. सीमा अग्रवाल और मोहित श्रीवास्तव सहित समस्त प्राध्यापक और बड़ी संख्या में प्रतिभागी उपस्थित थे।

द्वितीय दिवस.23 दिसंबर 2023, के प्रथम सत्र के प्रमुख प्रवक्ता प्रो.मनोज मिश्र (प्रोफेसर इथोपिया यूनिवर्सिटी)ने अपने व्याख्यान में बताया की स९१ व्यापार अंतर्राष्ट्रीय व्यापार के वातावरण में विदेशी विनियोग को एक नया आयाम दे रहा है। अर्थात जिस क्षेत्र की प्रत्याय अधिक होती है, विनियोगकर्ता उन क्षेत्रों में ही अधिक आकर्षित होते है तथा अन्य व्यापार उपेक्षित होता जाता है ।अतः स९१ व्यापार अंतरराष्ट्रीय व्यापार को विदेशी पूंजी प्रदान तो करता है किंतु अन्य क्षेत्र उपेक्षित हो जाते है।

द्वितीय सत्र की प्रमुख प्रवक्ता , दिल्ली यूनिवर्सिटी से प्रोफेसर जय शंकर शर्मा रहे जिन्होंने अपने व्याख्यान में बताया कि अंतरराष्ट्रीय व्यापार के वातावरण में स९१ व्यापार का अर्थ ऊंचे आय प्रदत्त कंपनी में विनियोगो का केंद्रीयकरण होता है। जो विनियोग की प्राथमिकता एवम अंशो, ऋणपत्रों की भागीदारी तथा निवेशकों की रुझान से निर्धारित की जा सकती है।

इस अवसर पर प्राचार्य डॉ. किरण गजपाल एवम डॉ. मेघेश तिवारी ने कहा कि गवर्नमेंट डिग्री गर्ल्स कॉलेज के साथ संयुक्त तत्वावधान में आयोजित इंटरनेशनल सेमिनार से उपस्थित समस्त प्रतिभागियों को नए विषय के संबध में गहन जानकारी प्राप्त होगी।

प्रोफेसर मधुलिका अग्रवाल ने कहा कि विद्वानों के व्याख्यान से समस्त प्रतिभागियों को लाभ प्राप्त ही रहा है।

तृतीय सत्र में डा आराधना शुक्ला, प्रगति राय ,रक्षिता पाठक , आलोक अग्रवाल इत्यादि विद्वानों अपने विचार शोधपत्र के माध्यम से वयक्त किये।

तृतीय दिवस 23दिसंबर 2023, के प्रथम सत्र के प्रमुख प्रवक्ता प्रो चंद्रशेखर अरुणकर (प्रोफेसर पुणे यूनिवर्सिटी) ने अपने व्याख्यान में बताया की स९१ व्यापार वास्तव में मुद्रा प्रवाह के सकेंद्रण को दर्शाता है। जो अंतर्राष्ट्रीय व्यापार के वातावरण में विदेशी निवेशकों के एकतरफा रुझान की प्रवृत्ति का झलक है, जिससे केवल एक ही व्यापारिक वातावरण को प्रोत्साहन मिलता है।

द्वितीय सत्र में नीलम गांधी,पूजा मोटवानी ,सपना , प्रिया पचोली,जागृति ब्राह्मणकर, रश्मि अग्रवाल सृष्टि चंद्राकर इत्यादि 25 विद्वानों ने अपने विचार शोधपत्र के माध्यम से वयक्त किया।

तृतीय सत्र में मुख्य वक्ता प्रो .अब्दुल करीम ने उपरोक्त शोध पत्रों की समीक्षा करते हुए अपने विचार व्यक्त किए की स९१ व्यवसाय से निश्चित तौर पर अंतरराष्ट्रीय व्यापारिक वातावरण में विदेशी पूंजी का प्रवाह बढ़ा है तथा इसका सकारात्मक प्रभाव पड़ा है।

तीन दिवसीय अंतरराष्ट्रीय सेमिनार के समापन समारोह में मुख्य अतिथि श्री ज्ञनेश शर्मा (अध्यक्ष विप्र शिक्षण समिति) एवम विशेष अथिति डा. देवाशीष मुखर्जी (प्राचार्य महंत महाविद्यालय,रायपुर) उपस्थित रहे।

डॉ. देवाशीष मुखर्जी ने बहुत ही संक्षिप्त वक्तव्य में कहा कि स९१ व्यवसाय नया नहीं अपितु पुरातन पद्धति है ।जिसमे पृथक पृथक बाजार में निवेशक उनसे प्राप्त होने वाली अत्यधिक आय अथवा प्रत्याय की मात्रा को ध्यान में रखते हुए निवेश का निर्णय लेते है ।यह स९१ निवेश की प्रक्रिया का ही परिणाम है की आज अंतरराष्ट्रीय व्यापार का वातावरण न केवल द्वितीयक क्षेत्र में आगे है अपितु सेवा के क्षेत्र में भी उन्नति कर रहा है।

प्रोफेसर मधुलिका अग्रवाल ने कहा कि तीन दिवसीय अंतरराष्ट्रीय सेमिनार में विद्वानों की व्याख्यान माला से समस्त प्रतिभागी नए विचारों से लाभान्वित हुए।

विप्र महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. मेघेश तिवारी ने कहा ऐसे सेमिनार के आयोजन से निश्चित तौर से नए विषयों के संबंध से प्रतिभागी परिचित होते है और उनके ज्ञन में वृद्धि होती है। इस अवसर पर डा ऋतु मारवाह डा आराधना शुक्ला डॉ. विवेक शर्मा, डॉ. दिव्या शर्मा, निधि श्री शुक्ला ,डॉ. सीमा अग्रवाल ,प्रगति राय ,मोहित श्रीवास्तव , सुमन पांडे रसिका मालवीय, ग्यास अहमद,सहित समस्त प्राध्यापक और बड़ी संख्या में प्रतिभागी उपस्थित थे।

# कंप्यूटर डिपार्टमेंट के द्वारा 7 दिवसीय वर्कशॉप का आयोजन

विप्र महाविद्यालय में कंप्यूटर डिपार्टमेंट के द्वारा 7 दिवसीय वर्कशॉप का आयोजन किया गया जिसमें बच्चों ने छात्र–छात्राओं ने वेब पेज बनाना उसकी कोडिंग करना एचटीएमएल सीएसएस (HTML & CSS)और जावा स्क्रिप्ट (Java Script) जैसी लैंग्वेज के द्वारा वेब पेज डिजाइन करना सीखा और वर्कशॉप को सफल बनाया। 7 दिनों तक चलने वाले इस वर्कशॉप में अंतिम दिन लिखित परीक्षा भी हुई और परीक्षा में पास बच्चों को सर्टिफिकेट भी प्रोवाइड किया गया स करीब 50 छात्र छात्राओं ने इस कार्यशाला में हिस्सा लिया द्य छात्र–छात्राओं का वर्कशॉप के बाद मनोबल भी बड़ा और वेब पेज की बारीकियां को उन्होंने बहुत ही अच्छे से समझा स कुल मिलाकर कार्यशाला सफलतापूर्वक संपन्न हुए।





# 2047 में विकसित भारत के लक्ष्य को प्राप्त करने में सभी सहभागी बनें: प्रो. राजीव

रायपुर. 31 दिसंबर .छत्तीसगढ़ युवा विकास संगठन संचालित विप्र कला, वाणिज्य एवं शारीरिक शिक्षा महाविद्यालय में प्रधानमंत्री द्वारा जारी मुहीम विकसित भारत /2047 के अंतर्गत प्रो. राजीव तिवारी, आई आई टी, गुवाहाटी ने छात्रों को आह्वान किया कि आजादी के 100 साल पूर्ण होने पर 2047 में विकसित भारत के लक्ष्य को प्राप्त करने में सभी सहभागी बनें। प्रो. राजीव तिवारी ने कहा कि युवा विचार ही हमारे भारत देश को विकास की राह में अग्रसर कर सकता है। यदि लक्ष्य का पता हो और पाने की चाह हो तो उस तक पहुंचना मुश्किल नहीं होता है। प्रो. राजीव तिवारी ने रायपुर इंजीनियरिंग कॉलेज से अपनी पढ़ाई पूर्ण की और आज भारत के टॉप 10 आई आई टी में शामिल गुवाहाटी आई आई टी में कार्यरत है। उन्होंने कहा कि आई आई टी में जो विद्यार्थी पढ़ते हैं, और एक सामान्य विद्यार्थी में कोई अंतर नहीं है। अंतर सिर्फ सोच ,मेहनत ,जुनून और अपने लक्ष्य की प्राप्ति के लिए लगे रहने में है। उन्होंने कहा जीवन में अनेक अवसर हर कदम पर मिलते हैं, आप अवसर का लाभ उठाने के लिए तैयार रहे। अपने आप को कभी संकुचित ना रखें, विकसित सोच के साथ विकास करना और भारत के विकास में सहभागिता दर्ज करना यही विकसित भारत 2047 का लक्ष्य होना चाहिए। यही सच्चे नागरिक की पहचान है। उन्होंने कहा जीवन में हमेशा प्रयासरत रहें ,क्योंकि लगातार प्रयास से आप जीवन में लक्ष्य प्राप्त कर सकते हैं। व्याख्यान के अंत में प्रो. राजीव तिवारी ने ज्यादा से ज्यादा छात्र–छात्राओं को विकसित भारत के विषय में अपने विचार, दृष्टिकोण पोर्टल में अपलोड करने के लिए प्रोत्साहित किया।

आई आई टी गौहाटी के प्रो. राजीव तिवारी ने छात्रों,प्राध्यापकों से रूबरू होकर उनके प्रश्नों का उत्तर भी दिया। इसके पूर्व प्राचार्य डॉ. मेघेश तिवारी ने अतिथि व्याख्याता प्रो. राजीव तिवारी का स्वागत करते हुए कहा कि आज भारत में युवाओं के लिए अनुकूल वातावरण है। इसका लाभ उठाने के निरंतर अपने लक्ष्य प्राप्ति के लिए अग्रसर होने के साथ प्रो. राजीव तिवारी जैसे विषय विशेषज्ञ से जानकारी हासिल करना, प्रेरणा प्राप्त करना और फिर एक नया उत्साह के साथ आगे बढ़ाना आवश्यक है। इसी उद्देश्य प्राप्ति के लिए यह आयोजन किया गया है। अगर अपने भविष्य निर्माण में विद्यार्थी इसका उपयोग करें, तो इस प्रकार का प्रयास सार्थक होगा। इस अवसर पर समस्त प्राध्यापकों सहित बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित थे।





## मैथमेटिक्स डे

कंप्यूटर और साइंस डिपार्टमेंट के द्वारा 22 दिसंबर को मैथमेटिक्स डे आयोजित किया गया जिसमें मैथ्स पजल मैथ्स गेम और क्विज कॉम्पीटिशन कराया गया।






## महाविद्यालय की गतिविधियाँ बनी दैनिक अखबारों की सुर्खियाँ



**विप्र ट्रॉफी राज्य स्तरीय इंटर सेक्टर क्रिकेट रायपुर ने बड़ी जीत के साथ सेमी फाइनल में किया प्रवेश**

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com

उच्च शिक्षा विभाग के तत्वावधान में विप्र कला, वाणिज्य एवं शारीरिक शिक्षा महाविद्यालय द्वारा आयोजित विप्र ट्रॉफी राज्य स्तरीय इंटर सेक्टर क्रिकेट प्रतियोगिता के तीसरे दिन पहला मैच रायगढ़ और राजनांदगांव के बीच खेला गया। रायगढ़ ने पहले बैटिंग करते हुए 20 ओवर में 6 विकेट के नुकसान पर 214 रन बनाएं। मोहसिन ने 40 गेंद में 57 रन और चिराग ने 22 गेंद में 47 रन बनाएं। जवाब में राजनांदगांव की टीम 132 रन में ऑल आउट हो गई। रायगढ़ के सचिन ने शानदार गेंदबाजी करते हुए चार ओवर में 18 देकर 5 विकेट लिए। आशीष ने चार ओवर में 29 रन लेकर 3 विकेट लिए। इस प्रकार रायगढ़ की टीम ने 83 रन से जीत दर्ज कर सेमीफाइनल में प्रवेश किया। विप्र कॉलेज मैदान में खेले गए दूसरा मैच रायपुर और बलौदा बाजार के बीच खेला गया। जिसमें रायपुर ने पहले बैटिंग करते हुए 20 ओवर में 6 विकेट के नुकसान पर 213 रन बनाएं। मुदित ने 49 गेंद में 79 रन बनाएं। बलौदा बाजार के भावेश ने चार ओवर में 35 रन देकर 3 विकेट लिए। जवाब में बलौदा बाजार की टीम 94 रन में आलआउट हो गई। एकमात्र ओंकार ने 35 गेंद में 66 रन बनाकर रायपुर के गेंदबाजों का सामना किया। अभिजीत ने तीन ओवर में 10 रन देकर चार विकेट लिए। पोरस ने एक ओवर में दो रन देकर 3 विकेट लिए। इस प्रकार रायपुर ने 119 रन से बड़ी जीत दर्ज कर सेमीफाइनल में प्रवेश किया। यह जानकारी देते हुए प्राचार्य डॉ. मेघेश तिवारी ने बताया आज खेले गए मैच से पहले उच्च शिक्षा विभाग के पर्यवेक्षक विकास शाह ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर शुभकामनाएं दीं। उन्होंने बताया कि 19 दिसंबर मंगलवार को सुबह पहला सेमीफाइनल दुर्ग और बिलासपुर सेक्टर के बीच होगा। जबकि दूसरा सेमीफाइनल दोपहर में रायपुर और रायगढ़ के बीच खेला जाएगा।



**निवेश प्रबंधन जितना अच्छा, उतना ही कम जोखिम: राजीव**

विप्र कला, वाणिज्य एवं शारीरिक शिक्षा महाविद्यालय और डिग्री गर्ल्स कालेज की ओर से सेमिनार का आयोजन



**विप्र ट्रॉफी : तीसरी बार रायपुर विजेता**

रायपुर, 21 दिसम्बर। उच्च शिक्षा विभाग के तत्वावधान में विप्र कला, वाणिज्य एवं शारीरिक शिक्षा महाविद्यालय द्वारा आयोजित विप्र ट्रॉफी राज्य स्तरीय इंटर सेक्टर क्रिकेट प्रतियोगिता के रोमांचक फाइनल मुकाबले में रायपुर सेक्टर ने बिलासपुर सेक्टर को तीन रन से हराकर लगातार तीसरी बार विजेता बनने का गौरव हासिल किया। राज्य स्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता के समापन एवं पुरस्कार वितरण समारोह के मुख्य अतिथि ज्ञानेश शर्मा (अध्यक्ष विप्र शिक्षण समिति), पूर्व रणजी प्लेयर राजय परिहार, विप्र कॉलेज के पूर्व छात्र एवं भारतीय क्रिकेट टीम के मैनेजर तरुणेश परिहार एवं जयेश शुक्ला ने विजेता एवं उपविजेता विजेता टीम को विप्र ट्रॉफी,मेडल व प्रमाण पत्र प्रदान कर पुरस्कृत किया। प्रतियोगिता का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी मुदित भार्गव को घोषित किया गया। मुदित ने क्वार्टर फाइनल में 79 रन एवं सेमीफाइनल में 81 रन बनाएं। इसके पूर्व विप्र कॉलेज मैदान में खेले गए आज फाइनल मुकाबले में रायपुर सेक्टर ने पहले बैटिंग करते हुए 25 ओवर में 6 विकेट के नुकसान पर 195 रन बनाएं। अभिषेक ने धुआंधार बल्लेबाजी करते हुए 69 गेंद में 103 रन बना प्रतियोगिता का पहला शतक बनाया। दिव्यांश ने 56 गेंद में 44 रन बनाएं। बिलासपुर के परिवेश ने 5 ओवर में 29 रन देकर एक विकेट लिए। जवाब में बिलासपुर की टीम जीत का पीछा करते हुए 25 ओवर में 7 विकेट के नुकसान पर 192 रन ही बना पाई। परिवेश ने 33 गेंद में 72 रन बनाएं। रायपुर के अंशुमन गोस्वामी, अभिजीत साहू और शुभम ने एक-एक विकेट लिए। बिलासपुर टीम को अंतिम दो ओवर में 35 रन की आवश्यकता थी। 19वें ओवर में 17 रन बने। अंतिम ओवर में 18 रन बनाने थे। प्रथम तीन गेंद में सिर्फ6 रन बन पाए।



**इंटरकॉलेज सॉफ्टबॉल में विप्र कॉलेज चैम्पियन**

रायपुर। पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय के तत्वावधान में इंटर कॉलेज महिला-पुरुष साफ्टबॉल का खिताब विप्र कॉलेज ने जीत लिया। प्रतियोगिता नेताजी सुभाष कॉलेज बेलभाठा द्वारा 5 दिसंबर को आयोजित की गई थी। स्पर्धा का उद्घाटन शारीरिक शिक्षा विभाग पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय के पूर्व संचालक रविंद्रनाथ मिश्रा ने किया। इस स्पर्धा में महिला वर्ग से 5 और पुरुष वर्ग से 7 कॉलेज की टीम ने हिस्सा लिया था। दोनों ही वर्ग में विप्र कॉलेज रायपुर विजेता रही। इसमें दूसरे स्थान पर पुरुष वर्ग में नेताजी सुभाष कॉलेज और महिला वर्ग में पीजी कॉलेज डागा रही। आयोजक कॉलेज के प्राध्यापक डॉ. आशीष दीवान ने बताया कि प्रतियोगिता के रविवि की टीम गठित करने चयन ट्रॉयल आयोजित किया गया जिसमें महिला-पुरुष वर्ग से 40 से अधिक खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया।



**विप्र ट्रॉफी राज्य स्तरीय महिला बास्केटबॉल प्रतियोगिता शुरू**

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com

कुछ शिक्षा विभाग के तत्वावधान में छत्तीसगढ़ युवा विकास संगठन संचालित विप्र कला, वाणिज्य एवं शारीरिक शिक्षा महाविद्यालय में विप्र ट्रॉफी राज्य स्तरीय (इंटर सेक्टर) महिला बास्केटबाल प्रतियोगिता शुरू हो गई है। राज्य स्तरीय महिला बास्केटबॉल प्रतियोगिता का उद्घाटन समारोह सुबह 10:30 बजे संचालक शारीरिक शिक्षा रविवि डॉ विपिन चंद्र शर्मा के मुख्य आतिथ्य एवं प्रो. गिरीश कान्त पांडेय (पूर्व कुलसचिव पंडित रवि शंकर शुक्ल विश्वविद्यालय रायपुर) की अध्यक्षता में संपन्न होगा। उपरोक्त जानकारी देते हुए प्राचार्य डॉ. मेघेश तिवारी ने बताया कि राज्य स्तरीय महिला बास्केटबॉल प्रतियोगिता में रायपुर, राजनांदगांव, बिलासपुर, अंबिकापुर, जगदलपुर, दुर्ग, बलौदाबाजार- महासमुंद, रायगढ़, कोरबा और जांजगीर-चांपा कुल 10 सेक्टर की टीम शामिल होंगी। राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के आधार पर विभिन्न विश्वविद्यालयों की महिला टीम का गठन भी किया जाएगा।




**विप्र कॉलेज में विश्व एड्स दिवस पर जागरूकता अभियान**

रायपुर । छत्तीसगढ़ युवा विकास संगठन द्वारा संचालित विप्र कला, वाणिज्य एवं शारीरिक शिक्षा महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना के विद्यार्थियों ने विश्व एड्स दिवस पर जागरूकता अभियान चलाकर बीमारी की रोकथाम और नियंत्रण पर नागरिकों को शिक्षित किया। कालेज के प्राचार्य डॉ. मेघेश तिवारी ने बताया कि राष्ट्रीय सेवा योजना के विद्यार्थियों ने सामाजिक सहभागिता कार्यक्रम के अंतर्गत एड्स के प्रति लोगों को जागरूक करके समाज के प्रति अपने दायित्व का निर्वहन किया। रेड रिबन का प्रतीक बनाकर विश्व एड्स दिवस पर लोगों को रोग के प्रति सचेत रहने का संदेश दिया। इस अवसर पर समस्त प्राध्यापकों सहित बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित थे।



**इंटरकॉलेज साफ्टबॉल में विप्र कॉलेज चैम्पियन**

रायपुर। पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय के तत्वावधान में इंटर कॉलेज महिला-पुरुष साफ्टबॉल का खिताब विप्र कॉलेज ने जीत लिया। प्रतियोगिता नेताजी सुभाष कॉलेज बेलभाठा द्वारा 5 दिसंबर को आयोजित की गई थी। स्पर्धा का उद्घाटन शारीरिक शिक्षा विभाग पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय के पूर्व संचालक रविंद्रनाथ मिश्रा ने किया। इस स्पर्धा में महिला वर्ग से 5 और पुरुष वर्ग से 7 कॉलेज की टीम ने हिस्सा लिया था। दोनों ही वर्ग में विप्र कॉलेज रायपुर विजेता रही।



**विकसित भारत के लक्ष्य की प्राप्ति में सभी सहभागी बनें: प्रो. राजीव**

विप्र महाविद्यालय में आईआईटी गुवाहाटी के प्रो. तिवारी का व्याख्यान



**इंटर कॉलेज सॉफ्टबॉल स्पर्धा में विप्र कॉलेज महिला और पुरुष दोनों वर्गों में विजेता**

रायपुर,6 दिसंबर। पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय के तत्वावधान में नेताजी सुभाष कॉलेज द्वारा अभनपुर में आयोजित इंटर कॉलेज सॉफ्टबॉल प्रतियोगिता के महिला और पुरुष दोनों वर्गों में विप्र कॉलेज ने विजेता बनने का गौरव हासिल किया। पुरुष वर्ग के सेमीफाइनल में विप्र कॉलेज ने यूटीडी को 4-1से पराजित कर फाइनल में प्रवेश किया। फाइनल मुकाबले में नेताजी सुभाष कॉलेज को 4-2 से पराजित कर विप्र कॉलेज ने इंटर कॉलेज प्रतियोगिता का खिताब हासिल किया। महिला वर्ग के सेमीफाइनल मुकाबले में शासकीय नागार्जुन विज्ञान महाविद्यालय रायपुर को 8-2 से पराजित कर फाइनल में प्रवेश किया। फाइनल मुकाबले में विप्र कॉलेज ने डागा कॉलेज को एक तरफा मुकाबले में 12-0 से पराजित कर विजेता बनने का गौरव हासिल किया। उपरोक्त जानकारी देते हुए विप्र कॉलेज के प्राचार्य डॉ. मेघेश तिवारी ने बताया कि विप्र कॉलेज ने इस सत्र में लगातार छठे खेल में चैंपियन बनी है।विप्र कॉलेज में खेल सुविधाओं और प्रशिक्षण का लाभ उठाते हुए महाविद्यालय के विद्यार्थियों का सभी इंटर कॉलेज प्रतियोगिता में प्रतिवर्ष के भांति इस वर्ष भी उत्कृष्ट प्रदर्शन रहा और प्रतिवर्ष लगभग 50 से 60 विभिन्न प्रतियोगिताओं में रविवि विश्वविद्यालय का प्रतिनिधित्व करते हैं।

**'B' GRADE ACCREDITED BY NATIONAL ASSESSMENT AND ACCREDIATION COUNCIL (NAAC) (19TH JUL 2023 TO 18TH JUL 2028)**

**Recognised by Higher Education, UGC and NCTE and Permanently Afiliated to Pt. Ravishankar Shukla, Raipur (C.G.)**

✿ COMMERCE ✿ MANAGEMENT ✿ SCIENCE ✿ COMPUTER ✿ EDUCATION ✿ PHYSICAL EDUCATION ✿ YOGA

E-mail : vipracollge1996@gmail.com, Visit us : www.vipracollege.org

**संपादक मण्डल :- डॉ. विवेक कुमार शर्मा, श्रीमती प्रणिता शर्मा, डॉ. कंचन मिश्रा, श्रीमती अपूर्वा शर्मा**

**विशेष सहयोग : एलुमनी एसोसिएशन, विप्र महाविद्यालय रायपुर**